Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं



वर्ष-२६ अंक-०२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३१ जनवरी २०१६ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र

## कुंभ के कार्य को, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड का इलाहाबाद जं एवं प्रयाग घाट स्टेशन का गहन निरीक्षण



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। विनोद कुमार यादव का अध्यक्ष रेलवे बोर्ड (सीआरबी) के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले दौरे में दिनांक १०.०१, २०१६ को प्रयागराज पहुंचे। वह सुबह मगध एक्सप्रेस द्वारा प्रयागराज पहुंचे और लगभग ६:३० बजे उन्होने उत्तर मध्य रेलवे के इलाहाबाद जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण शुरू किया। अपने पहले निरीक्षण में अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने सर्कुलेटिंग परिक्षेत्र, यात्री सुविधाओं और प्रयागराज में १४ जनवरी २०१६ से शुरू होने वाले पहले स्नान के दृष्टिगत किए गए नए कार्यों को परखा। उन्होंने कुंभ मेले में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए इलाहाबाद जंक्शन के सिटी साईड में बनाए गए यात्री आश्रय स्थलों के अंदर बनाए गए टिकट काउंटर, एटीवीएम, शौचालय, पानी के बूथ आदि जैसी विभिन्न सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। वहीं इलाहाबाद जंक्शन के सिविल लाईन्स साइड से कुंभ मेले के प्रमुख स्नान पर्वों पर रास्ता बंद किए जाने से हैरान दिखे तो रेलवे के आला अधिकारियों ने कहा की यह निर्णय जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है। इलाहाबाद जंक्शन स्टेशन के बाद, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड उत्तर रेलवे के नवनिर्मित प्रयाग घाट स्टेशन के लिए रवाना हुआ। बतादें कि प्रयाग घाट स्टेशन को ५ नए प्लेटफार्मों के साथ प्रयागराज जिले में एक नए कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। प्रयाग घाट स्टेशन के निरीक्षण के दौरान स्टेशन के मुख्य इमारत से प्लेटफार्म से जुड़ने वाला मार्ग समतल नहीं होने पर नाराज भी दिखे। फिर सूबेदारगंज स्थिति मुख्यालय पहुँचकर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि रेलवे ने कुंभ के दौरान सुरक्षित सफर बनाने को ५० लाख रेल यात्रियों की तैयारी की है जिसके लिए १८०० स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

### प्रयागघाट रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म का रास्ता समतल न होने पर जताई थी नाराजगी

कुंभ मेला २०१६में आए श्रद्धालुओं कि सुविधा हेतु रेल समय सारिणी इस अंक में उपलब्ध हैं।





### इलाहाबाद जं. व सुबेदारगंज से यात्रा प्रारंभ करने वाले यात्रियों के लिए अनुदेश

1. कुम्भ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद जं. पर कुछ गेटों को बंद कर दिया गया है और यात्रियों को निर्धारित गेट से ही सभी स्टेशन के अन्दर प्रवेश की अनुमति होगी।

2. सभी प्रमुख स्नान पर्वों पर एवं पर्व से एक दिन पूर्व तथा दो दिन बाद तक इलाहाबाद जं. पर प्रवेश केवल सिटी साइड से होगा तथा यात्रियों को सिविल लाइन्स से केवल निकलने की अनुमति होगी।

3. आरक्षित यात्रीः आरक्षित टिकट धारक यात्री स्टेशन के अन्दर केवल सिटी साइड के **गेट संख्या 05** से प्रवेश कर सकेंगे और गाड़ी के निर्धारित प्लेटफार्म पर जाकर अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे। आरक्षित टिकट धारकों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से **1-2 घंटे पूर्व** स्टेशन पर पहुँचना सुनिश्चित करें जिससे किसी तरह की कोई असुविधा न हो।

4. **अनारक्षित यात्रीः** लम्बी दूरी की नियमित ट्रेनों के अनारक्षित यात्री इलाहाबाद जं. सिटी साइड में बनाये गए **गेट संख्या 1,2A,2B, तथा 3** से प्रवेश कर सकेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है-

क. नैनी, मानिकपुर, सतना, बाँदा, झाँसी,ग्वालियर एवं मुंबई की ओर जाने वाले यात्री लाल रंग के बनाये गए **गेट संख्या 1** से **आश्रय संख्या 01 (लाल रंग)** मे प्रवेश करें और निर्धारित प्लेटफार्म से अपनी यात्रा प्रारंभ करें।

ख प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, वाराणसी एवं लखनऊ की ओर जाने वाले यात्री नीले रंग के बनाये गए **गेट संख्या 2A** से **आश्रय संख्या 02 (नीला रंग)** में प्रवेश करें और निर्धारित प्लेटफार्म से अपनी यात्रा प्रारभ करें।

ग विन्ध्याचल,मिर्जापुर,पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय), पटना एवं गया की ओर जाने वाले यात्री पीला रंग के बनाये गये **गेट संख्या 2B** से **आश्रय संख्या 03 (पीला रंग)** मे प्रवेश करें और निर्धारित प्लेटफार्म से अपनी यात्रा प्रारंभ करें।

घ सूबेदारगंज,भरवारी सिराथू, खागा,फतेहपुर,कानपुर एवं दिल्ली की ओर जाने वाले यात्री हरा रंग के बनाये गए **गेट संख्या 03** से **आश्रय संख्या 04 (हरा रंग)** में प्रवेश करें और निर्धारित प्लेटफार्म से अपनी यात्रा प्रारंभ करें।

कुम्भ मेला 2019 के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर आवश्यकतानुसार नियमित मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का अतिरिक्त ठहराव सुबेदारगंज एवं अन्य स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा जिसकी सूचना यात्रियों को समाचार पत्रों के माध्यम से समय-समय पर प्रदान की जायेगी । जो यात्रीगण इलाहाबाद जं. पर ट्रैफिक के दबाव के कारण अनयत्र स्थान से ट्रेन पकड़ना चाहें, वे यात्रीगण सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रदान किये गए ठहराव का लाभ उठा सकते हैं।

कुम्भ मेला के दौरान इलाहाबाद जं. पर सिविल लाइन्स साइड से प्रवेश बंद रहेगा।

चलो कुम्भ चलो

### मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का सूबेदारगंज स्टेशन पर ठहराव

कुम्भ मेला 2019 के अवसर पर श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को 01 मिनट का अस्थायी ठहराव निम्न तिथियों पर दिया जा रहा हैः-

| क्रम सं. | स्नान पर्व | सूबेदारगंज स्टेशन पर ठहराव का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | मकर संक्रांति (15.01.2019) | 14.01.2019 से 16.01.2019 (3 दिन) |
| 2 | पौष पूर्णिमा (21.01.2019) | 20.01.2019 से 22.01.2019 (3 दिन) |
| 3 | मौनी अमावस्या (04.02.2019) | 03.02.2019 से 06.02.2019 (4 दिन) |
| 4 | बसंत पंचमी (10.02.2019) | 09.02.2019 से 12.02.2019 (4 दिन) |
| 5 | माघी पूर्णिमा (19.02.2019) | 18.02.2019 से 20.02.2019 (3 दिन) |

### अप दिशा की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

| क्र सं | गाड़ी सं. | कहॉ से-कहॉ तक | आगमन-प्रस्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 12307 | हावड़ा-जोधपुर | 12:37-12:38 |
| 2 | 22431 | इलाहाबाद-उधमपुर | 15:06-15:07 |
| 3 | 12417 | इलाहाबाद-नई दिल्ली | 21:37-21:38 |
| 4 | 12275 | इलाहाबाद-नई दिल्ली | 22:29-22:30 |
| 5 | 22437 | इलाहाबाद-आनन्द विहार टर्मि. | 22:29-22:30 |
| 6 | 12403 | इलाहाबाद-जयपुर | 23:38-23:39 |

### डाउन दिशा की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

| क्र सं | गाड़ी सं. | कहॉ से-कहॉ तक | आगमन-प्रस्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 12404 | जयपुर-इलाहाबाद | 04:31-04:32 |
| 2 | 12276 | नई दिल्ली-इलाहाबाद | 05:44-05:45 |
| 3 | 22438 | आनन्द विहार टर्मि.-इलाहाबाद | 05:44-05:45 |
| 4 | 12418 | नई दिल्ली-इलाहाबाद | 06:29-06:30 |
| 5 | 18632 | अजमेर-राँची | 09:40-09:41 |
| 6 | 12308 | जोधपुर-हावड़ा | 13:30-13:31 |
| 7 | 22432 | उधमुपर-इलाहाबाद | 14:30-14:31 |
| 8 | 18102 | जम्मुतवी-टाटानगर | 15:00-15:01 |

उत्तर मध्य रेलवे

North Central Railways @CPRONCR 40/19(I)



# कुम्भ मेला स्पेशल रेलगाड़ियों का विवरण

**रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त मेला शुल्क नहीं लगाने का निर्णय लिया गया है।**

कुम्भ मेला 2019 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु समय सारिणीकृत मेला स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं, जिसका विवरण निम्नवत् है :

| प्रारंभिक स्टेशन से मेला विशेष रेलगाड़ियों की चलने की तिथि | स्नान पर्व |
|---|---|
| 15, 16 एवं 17 जनवरी 2019 | 15 जनवरी 2019 – मकर संक्रांति |
| 10, 11 एवं 12 फरवरी 2019 | 10 फरवरी 2019 – बसंत पंचमी |
| 19, 20 एवं 21 फरवरी 2019 | 19 फरवरी 2019 – माघी पूर्णिमा |

## इलाहाबाद जं. से कानपुर दिशा की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| क्रम सं. | मेला स्पेशल गाड़ी नं. | कहाँ से | प्रस्थान समय | कहाँ तक | पहुँचने का समय | ठहराव | प्लेटफार्म संख्या | यात्री आश्रय संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00101 | इलाहाबाद जं. | 5:00 | फतेहपुर | 07:10 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा | 2 एवं 3 | 4 |
| 2. | 00102 | इलाहाबाद जं. | 6:30 | कानपुर | 11:30 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 3. | 00103 | इलाहाबाद जं. | 10:15 | फतेहपुर | 12:20 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा | 2 एवं 3 | 4 |
| 4. | 00104 | इलाहाबाद जं. | 14:15 | कानपुर | 19:15 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 5. | 00105 | इलाहाबाद जं. | 16:45 | कानपुर | 21:30 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 6. | 00106 | इलाहाबाद जं. | 20:15 | कानपुर | 01:00 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |

## इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. / चुनार / चोपन की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00201 | इलाहाबाद जं. | 6:00 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 10:00 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |
| 2. | 00202 | इलाहाबाद जं. | 7:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 13:00 | इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 3. | 00203 | इलाहाबाद जं. | 12:00 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 16:00 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |
| 4. | 00204 | इलाहाबाद जं. | 15:00 | चोपन | 23:10 | इलाहाबाद जं. से चोपन के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 5. | 00205 | इलाहाबाद जं. | 18:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 23:00 | इलाहाबाद जं. से पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 6. | 00206 | इलाहाबाद जं. | 21:00 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 03:00 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |

## इलाहाबाद जं. से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00301 | इलाहाबाद जं. | 8:30 | झांसी | 21:30 | इलाहाबाद जं0 से झांसी के मध्य सभी स्टेशन | 1 | 1 |
| 2. | 00302 | इलाहाबाद जं. | 11:30 | सतना | 17:30 | नैनी, जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 1 | 1 |
| 3. | 00304 | इलाहाबाद जं. | 14:30 | बांदा | 21:00 | नैनी, जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 1 | 1 |

## नैनी जं. से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00303 | नैनी | 13:30 | सतना | 19:30 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 3 | 3 |
| 2. | 00306 | नैनी | 18:00 | झांसी | 04:30 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 3 | 1 |

## इलाहाबाद छिवकी से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00305 | इलाहाबाद छिवकी | 16:00 | झांसी | 03:00 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 2 एवं 3 | 2 |
| 2. | 00307 | इलाहाबाद छिवकी | 19:30 | इटारसी | 15:30 | इलाहाबाद छिवकी जं0 से इटारसी के मध्य सभी स्टेशन | 2 एवं 3 | 2 |

| प्रारंभिक स्टेशन से मेला विशेष रेलगाड़ियों की चलने की तिथि | स्नान पर्व |
|---|---|
| 21, 22 एवं 23 जनवरी 2019 | 21 जनवरी 2019 – पौष पूर्णिमा |
| 4, 5 एवं 6 मार्च 2019 | 4 मार्च 2019 – महाशिव रात्रि |

## इलाहाबाद जं. से कानपुर दिशा की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| क्रम सं. | मेला स्पेशल गाड़ी नं. | कहाँ से | प्रस्थान समय | कहाँ तक | पहुँचने का समय | ठहराव | प्लेटफार्म संख्या | यात्री आश्रय संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00101 | इलाहाबाद जं. | 5:00 | फतेहपुर | 07:10 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा | 2 एवं 3 | 4 |
| 2. | 00102 | इलाहाबाद जं. | 6:30 | कानपुर | 11:30 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 3. | 00103 | इलाहाबाद जं. | 10:15 | फतेहपुर | 12:20 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा | 2 एवं 3 | 4 |
| 4. | 00104 | इलाहाबाद जं. | 16:45 | कानपुर | 21:30 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |

नोट : दिनांक 22 एवं 23 जनवरी 2019 को मेला स्पेशल गाड़ी नं. 00104 नही चलेगी।

## इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. / चुनार / चोपन की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

दिनांक 21 जनवरी, 4, 5 एवं 6 मार्च 2019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00201 | इलाहाबाद जं. | 7:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 13:00 | इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 2. | 00202 | इलाहाबाद जं. | 12:00 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 16:00 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |
| 3. | 00203 | इलाहाबाद जं. | 15:00 | चोपन | 23:10 | इलाहाबाद जं. से चोपन के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 4. | 00204 | इलाहाबाद जं. | 18:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 23:00 | इलाहाबाद जं. से पं. दीनू दयाल उपाध्याय जं. के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |

## इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. / चुनार / चोपन की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

दिनांक 22 एवं 23 जनवरी 2019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00201 | इलाहाबाद जं. | 7:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 13:00 | इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 2. | 00202 | इलाहाबाद जं. | 15:00 | चोपन | 23:10 | इलाहाबाद जं. से चोपन के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 3. | 00203 | इलाहाबाद जं. | 18:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 23:00 | इलाहाबाद जं. से पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |

दिनांक 21, 22, 23 जनवरी, 4, 5 एवं 6 मार्च 2019

## इलाहाबाद जं. से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00301 | इलाहाबाद जं. | 8:30 | झांसी | 21:30 | इलाहाबाद जं0 से झांसी के मध्य सभी स्टेशन | 1 | 1 |
| 2. | 00302 | इलाहाबाद जं. | 11:30 | सतना | 17:30 | नैनी, जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 1 | 1 |
| 3. | 00304 | इलाहाबाद जं. | 14:30 | बांदा | 21:00 | नैनी, जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 1 | 1 |

## नैनी जं. से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00303 | नैनी | 13:30 | सतना | 19:30 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 3 | 3 |
| 2. | 00306 | नैनी | 18:00 | झांसी | 04:30 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 3 | 1 |

## इलाहाबाद छिवकी से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00305 | इलाहाबाद छिवकी | 16:00 | झांसी | 03:00 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 2 एवं 3 | 2 |
| 2. | 00307 | इलाहाबाद छिवकी | 19:30 | इटारसी | 15:30 | इलाहाबाद छिवकी जं0 से इटारसी के मध्य सभी स्टेशन | 2 एवं 3 | 2 |

| प्रारंभिक स्टेशन से मेला विशेष रेलगाड़ियों की चलने की तिथि | स्नान पर्व |
|---|---|
| 4, 5 एवं 6 फरवरी 2019 | 4 फरवरी 2019 – मौनी अमावस्या |

## इलाहाबाद जं. से कानपुर दिशा की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| क्रम सं. | मेला स्पेशल गाड़ी नं. | कहाँ से | प्रस्थान समय | कहाँ तक | पहुँचने का समय | ठहराव | प्लेटफार्म संख्या | यात्री आश्रय संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00101 | इलाहाबाद जं. | 5:00 | फतेहपुर | 07:10 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा | 2 एवं 3 | 4 |
| 2. | 00102 | इलाहाबाद जं. | 6:30 | कानपुर | 11:30 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 3. | 00103 | इलाहाबाद जं. | 10:15 | फतेहपुर | 12:20 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा | 2 एवं 3 | 4 |
| 4. | 00104 | इलाहाबाद जं. | 12:45 | कानपुर | 16:45 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 5. | 00105 | इलाहाबाद जं. | 14:15 | कानपुर | 19:15 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 6. | 00106 | इलाहाबाद जं. | 15:30 | कानपुर | 20:00 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 7. | 00107 | इलाहाबाद जं. | 16:45 | कानपुर | 21:30 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |
| 8. | 00108 | इलाहाबाद जं. | 20:15 | कानपुर | 01:00 | सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिन्दकी रोड | 2 एवं 3 | 4 |

## इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. / चुनार / चोपन की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00201 | इलाहाबाद जं. | 6:00 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 10:00 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |
| 2. | 00202 | इलाहाबाद जं. | 7:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 13:00 | इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 3. | 00203 | इलाहाबाद जं. | 10:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 14:30 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |
| 4. | 00204 | इलाहाबाद जं. | 12:00 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 16:00 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |
| 5. | 00205 | इलाहाबाद जं. | 13:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 18:00 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |
| 6. | 00206 | इलाहाबाद जं. | 15:00 | चोपन | 23:10 | इलाहाबाद जं. से चोपन के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 7. | 00207 | इलाहाबाद जं. | 18:30 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 23:00 | इलाहाबाद जं. से पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. के मध्य सभी स्टेशन | 4 एवं 5 | 3 |
| 8. | 00208 | इलाहाबाद जं. | 21:00 | पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. | 03:00 | नैनी, मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार | 4 एवं 5 | 3 |

## इलाहाबाद जं. से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00302 | इलाहाबाद जं. | 8:30 | झांसी | 21:30 | इलाहाबाद जं0 से मानिकपुर एवं झांसी के मध्य सभी स्टेशन | 1 | 1 |
| 2. | 00303 | इलाहाबाद जं. | 11:30 | सतना | 17:30 | नैनी, जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 1 | 1 |
| 3. | 00305 | इलाहाबाद जं. | 14:30 | बांदा | 21:00 | नैनी, जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 1 | 1 |

## नैनी जं. से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00301 | नैनी | 07:30 | बांदा | 13:30 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 3 | 1 |
| 2. | 00304 | नैनी | 13:30 | सतना | 19:30 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 3 | 3 |
| 3. | 00307 | नैनी | 18:00 | झांसी | 04:30 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 3 | 1 |

## इलाहाबाद छिवकी से सतना/बांदा/झांसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00306 | इलाहाबाद छिवकी | 16:00 | झांसी | 03:00 | जसरा, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर | 2 एवं 3 | 2 |
| 2. | 00308 | इलाहाबाद छिवकी | 19:30 | इटारसी | 15:30 | इलाहाबाद छिवकी जं0 से इटारसी के मध्य सभी स्टेशन | 2 एवं 3 | 2 |

**नोट: उपरोक्त समय सारिणीकृत गाड़ियों के अलावा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मेला स्पेशल गाड़ियों का संचालन किया जाएगा।**

**ध्यान दें!** वाराणसी, फैजाबाद, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, बस्ती की ओर जाने वाली मेला स्पेशल रेल गाड़ियां उत्तर रेलवे के प्रयाग / प्रयागघाट स्टेशन से चलायी जायेगी। मंडुआडीह, वाराणसी की ओर जाने वाली मेला स्पेशल रेल गाड़ियां पूर्वोत्तर रेलवे के इलाहाबाद सिटी (रामबाग) एवं झूंसी स्टेशन से चलायी जायेगी।

**उत्तर मध्य रेलवे** चलो कुम्भ चलो

@ CPRONCR North central railways

03/2019 (RD)

सम्पादकीय

# किसान, और सरकार का सच

देश भर में हुए हाल ही में किसानों के आंदोलन ने खेती को आखिरकार सरकार के अजेंडे पर ला ही दिया। पिछले कुछ समय से केंद्र सरकार किसानों को राहत देने की चर्चा कर रही है। जिसके लिए नीति आयोग ने सुझाव भी पेश किए हैं, जिनका मकसद किसानों की आय बढ़ाना है। नीति आयोग का कहना है कि किसानों की समस्या पूरी तरह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नहीं सुलझने वाली। लिहाजा कृषि लागत-मूल्य आयोग की जगह उसने एक न्याया-धिकरण की स्थापना करने और मंडियों में बोली लगाकर कृषि उपज की खरीदारी की व्यवस्था बनाने की सिफारिश की है। परंतु सच्चाई यह है कि एमएसपी से किसान कभी संतुष्ट नहीं हुए। किसान संगठनों की शिकायत है कि इससे उन्हें इससे नुकसान हो रहा है। बिडिंग की व्यवस्था के हिसाब से अगर देखें तो जिस उपज की जितनी मांग रहेगी, उस आधार पर उसकी कीमत बढ़ेगी।

इससे कुछ फायदा होने की उम्मीद है किन्तु एमआरपी तय करने में सरकार को सावधानी बरतनी होगी। नीति आयोग ने इसके लिए कुछ मानदंड सुझाए हैं। अच्छा होगा कि इस बारे में रबी की फसल आने से पहले ही फैसला ले लिया जाए। कर्जमाफी किसानों का तनाव घटाने का एक फौरी तरीका है। सभी सरकारें इसे आजमा रही हैं, पर इससे बात बन नहीं रही। दूरगामी उपाय ही सबके हित में होगा।

*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

# हैंडहेल्ड टर्मिनल से लैस हुए संपूर्णक्रांति एक्सप्रेस के टिकट चेकिंग स्टॉफ



रे.स.ब्यू./सू.हाजीपुर। राजेंद्र नगर-नई दिल्ली-राजेंद्र नगर संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस के टिकट चेकिंग स्टॉफ ने दिनांक ०३.०१.२०१६ से गाड़ी सं. १२३६३/१२३६४ में हैंडहेल्ड टर्मिनल के साथ कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। हैंडहेल्ड टर्मिनल को इंटरनेट से जुड़े टर्मिनल के माध्यम से ट्रेन में सीटों की स्थिति लगातार अपडेट की जाती है जिससे चलती ट्रेन में किसी सीट के खाली रह जाने पर उसको नियमानुसार प्रतिक्षारत यात्रियों को आवंटित किया जा सकता है।

विदित हो कि पूर्व मध्य रेल में हैंडहेल्ड टर्मिनल के साथ टिकट चेकिंग की शुरूआत दिनांक १४.१२.२०१८ से पटना राजधानी में की गयी थी। टिकट चेकिंग स्टॉफ के हैंडहेल्ड टर्मिनल से लैस होने के कई लाभ हैं जिसमें अगले स्टेशन से ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों को रियल टाइम में सीट की उपलब्धता की जानकारी मिलेगी। प्रतीक्षारत टिकट वाले यात्रियों के लिए खाली सीट की उपलब्धता अधिक होगी जिससे यात्री संतुष्टि बढ़ेगी।

सीट की बुकिंग अधिक होने से रेलवे की आय में वृद्धि होगी। डिजिटल इंडिया की पहल को बढ़ावा मिलेगा।हैंडहेल्ड टर्मिनल के साथ कार्य चेकिंग स्टॉफ के लिये अधिक सुविधाजनक तथा गैजेट के साथ कार्य करने से उनका आत्मसम्मान भी बढ़ेगा। चेकिंग स्टाफ को रिज़र्वेशन चार्ट लेकर नहीं चलना पड़ेगा जिससे कागज़ की बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

# ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

रे.स.ब्यू./सू.नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा को रेलवे ने कोहरे के चलते रेलगाड़ी संख्या १४११५ इलाहाबाद-हरिद्वार एक्सप्रेस और १५६०६ डिब्रुगढ़-लालगढ़ अवध असम एक्सप्रेस को तुरंत प्रभाव से १६.०२.२०१६ तक आलमनगर स्टेशन पर एक मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय किया है।

# उत्तर मध्य रेलवे द्वारा विकसित 'रेल कुंभ सेवा एप' से यात्रियों को मिलेंगी महत्वपूर्ण जानकारियां

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) ने 'रेल कुंभ सेवा' मेला एप-२०१६ विकसित किया है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी समय और स्थान पर सुविधा जनक रूप से जानकारी उपलब्ध हो सके।

एनसीआर के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह मोबाइल एप सभी मेला स्पेशल ट्रेनों के बारे में भी जानकारी प्रदान करेगा जो प्रयागराज (एनसीआर, एनआर, एनईआर) के सभी स्टेशनों से मेला अवधि के दौरान चलेंगी।

इसके साथ ही प्रयागराज शहर के भीतर सभी रेलवे स्टेशनों, मेला जोन, महत्वपूर्ण होटल, बस स्टैंड आदि की जानकारी लेने में भी मदद मिलेगी। इस मोबाइल एप में नैविगेशन, ऑन कॉल सेवाएं, रेलवे टिकट बुकिंग,आपातकालीन संपर्क, स्टेशन पर यात्री सुविधाएं, मेला विशेष ट्रेनें स्टेशनों पर यात्री आश्रय गृह, मेले में रेलवे शिविर, हेल्पलाइन नंबर, महत्वपूर्ण लिंक, शिकायत/ प्रतिक्रिया, मानचित्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# कुंभ में अपनों से मिलायेगा डिजिटल खोया पाया केंद्र




रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज में १४ जनवरी से शुरू हो रहे कुंभ के जन-सैलाब में अगर आप दुर्भाग्यवश अपने परिजन से बिछड़ जाते हैं,तो निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस बार कुंभ भी डिजिटल बन रहा है। कुंभ की तमाम प्रकार की जानकारियाँ जहां डिजिटल हो रही है वहीं अब खोया-पाया कैम्प भी पूरी तरह से डिजिटल हो कर आपकी मदद करेगा।

बिछड़ने की स्थिति में खोए हुए व्यक्ति की पूरी जानकारी ली जाएगी और उसे मेले में लगी सभी एलसीडी पर तस्वीर के साथ दिखाई जाएगी। सबसे खास बात यह है कि वह तस्वीर और जानकारी मेले के अलावा अन्य जगहों पर लगे एलसीडी पर भी दिखेगी, और यह लगातार डिस्प्ले होती रहेगी। आई जी मोहित अग्रवाल ने बताया है कि इस बार मेले में खोया पाया कैंप भारत डिजिटल कि राह पर तेजी के साथ आगे चल रहा है।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

# प्रवासी भारतीय जानेंगे काशी की महान विभूतियों को



रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा क्षेत्र में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन में आने वाले प्रवासी भारतीयों को काशी की महान विभूतियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से भी परिचित कराया जाएगा। जिसके लिए बड़ालालपुर के दीनदयाल हस्तकला संकुल, टैंट सिटी ऐढ़े और बड़ालालपुर स्टेडियम में तैयारियां चल रही हैं। काशी की ब्रांडिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने के लिए ऐसा किया जा रहा है, ताकि जब ये प्रवासी अपने देश जाएं तो यहां के धर्म, कला और संस्कृति के बारे में बताएं। काशी की महान विभूतियों में संत कबीर दास, रानी लक्ष्मीबाई, पंडित मदन मोहन मालवीय, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, भारतेंदु हरिचंद्र, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, पंडित रविशंकर, अयोध्या सिंह उपाध्याय और रामचंद्र शुक्ल जैसी शख्सियत शामिल हैं, जिनके बारे में प्रवासियों को बताया जाएगा। उनके संघर्ष की गाथा और उनकी उपलब्धियों के साथ समाज में योगदान को प्रदर्शनी में दर्शाया जाएगा।

इसके साथ ही २१ जनवरी को युवा प्रवासी भारतीयों के साथ बीएचयू के छात्र-छात्राओं को संवाद करने का मौका भी मिलेगा।


## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। हमें आपके पत्रों का इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# रेलवे के आला अधिकारियों के साथ रेल और कोयला मंत्री की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## रेलवे परियोजनाओं को समय पर पूरा किये जाने पर दिया बल



प.सू.का/नई दिल्ली। रेल एवं कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे बोर्ड,जोनल रेलवे के सभी महाप्रबंधकों और सभी ६८ संभागीय रेलवे के प्रबंधकों (डीआरएम) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और सभी मंडल के डीआरएम के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की।

दिनांक ०३.०१.२०१६ को हुई उच्च स्तरीय बैठक में मौजूदा वर्ष के दौरान कामकाज की समीक्षा करते हुए आगामी जनवरी-मार्च, २०१६ तिमाही के लिए रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने रेलवे परियोजनाओं और गतिविधियों की कड़ी निगरानी और उन्हें समय पर पूरा किये जाने पर बल दिया।

चर्चा में सुरक्षा, यात्री सुविधा, सेवा, राजस्व, अवसंरचना विकास, स्टाफ कल्याण और कामकाज के हर स्तर पर पारदर्शिता संबंधी विषय शामिल थे। आगामी जनवरी-मार्च, २०१६ तिमाही के लिए रोडमैप। रेलवे पदाधिकारियों द्वारा चालू परियोजनाओं की निगरानी के लिए एकीकृत डैशबोर्ड/इस डैशबोर्ड को अधिक पारदर्शिता के मद्देनज़र जनता के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा। २००० रेलवे स्टेशनों पर वाई -फाई की उपलब्धता।

सभी शिकायतों के लिए एकल हेल्पलाइन नंबर। आरक्षण चार्ट की पब्लिक डोमेन में उपलब्धता। इस तिमाही में लगभग ६००-७०० किलोमीटर पूव और पश्चिमी डीएफसी को चालू करना। सभी खान-पान स्टॉफ और टीटीई को यथाशीघ्र स्वाइप और बिल जनरेटिंग मशीन के साथ पीओएस मशीनें वितरित करना। फरवरी, २०१६ तक ६८ स्टेशनों का पुन वकास कर लिया जाए। १५ फरवरी, २०१६ के पहले १०० स्टेशनों पर ३-डी डिजिटल संग्रहालयों को पूरा कर लिया जाएगा। कुलियों के लिए कल्याण कारी उपाय।

अंत में नवनियुक्त रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वी.के. यादव ने भी सम्मेलन के एजेंडे पर जोर दिया।

# शाही स्नान में मिलेगा श्रद्धालुओं को स्वच्छ गंगा जल

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। कुंभ के स्नान पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं को इस बार शुद्ध गंगाजल मिलेगा। जिसके लिए हरिद्वार से गंगा में रोज औसत सात हजार क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। साथ ही साथ गंगा में गिरने वाले गंदे नालों का पानी भी मोड़ दिया गया है। बतादें कि गंगा में पानी छोड़े जाने का सिलसिला १५ दिसंबर से शुरू हो गया था। इससे नदी के किनारों और बीच में खाली जगह में जमी गंदगी बह गई है। उसके बाद से लगातार गंगा में पानी छोड़ा जा रहा है। पहली जनवरी को हरिद्वार से ७००६ क्यूसिक पानी गंगा में छोड़ा गया। सूत्रों के अनुसार रामगंगा कमांड के अभियंता जेपी सिंह ने कहा है कि नदी में बराबर पानी छोड़ा जा रहा है जिससे इससे कुंभ के दिनों में गंगा की जैव विविधता भी सुरक्षित रहेगी।




# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

रे.स.ब्यू./सू.अलीगढ़ जंक्शन पर अपनी पत्नी को लेने आया युवक की दिनांक ०३.०१.२०१६ को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूत्रों ने बताया की युवक प्लेटफार्म नंबर चार से तीन पर पटरियों को पार करके आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में हमसफर एक्सप्रेस आ गई जिसके सामने आने से युवक के परखच्चे उड़ गए। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के परिजनों के अनुसार वह टीवी रिपेयरिंग का काम करता था।

परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

# २०१४ से भी बड़ी जीत मिलेगी- मनोज सिन्हा

रे.स.ब्यू./संवा. कानपुर। रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा कानपुर के पनकी धाम मंदिर में रेलवे के कार्यक्रम के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब में कहा कि राफेल विमान खरीद मामले में कांग्रेस को उन्हें और भाजपा को जवाब देने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सब कुछ साफ कर दिया है। मोदी सरकार आम जनता की सरकार है। रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन से भाजपा को फर्क नहीं पड़ेगा।भाजपा २०१४ से भी बड़ी जीत हासिल करेगी। शनिवार दिनांक ०५.०१.२०१६ कानपुर में मनोज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पौने पांच साल तक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चलाई है।



केंद्र सरकार ने तमाम जनोपयोगी योजनाओं से करोड़ों देशवासियों को राहत दी है। इसलिए गठबंधन को दरकिनार कर देश की जनता पिछली बार से भी बड़ी जीत दिलाएगी।

# पीसीएस-जे प्री में सफल हुए ६०४१ अभ्यर्थी

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने शनिवार दिनांक ०५.०१.२०१६ को न्यायिक सेवा सिविल जज प्रारंभिक परीक्षा-२०१८ का परिणाम घोषित कर दिया। जिसमें ६०४१ अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं और अंतिम उत्तरकुंजी भी जारी कर दी गई है। वहीं ३०, ३१ जनवरी एवं ०१ फरवरी को मुख्य परीक्षा भी होनी प्रस्तावित है। सूत्रों के अनुसार यूपीपीएससी के सचिव ने बताया कि परीक्षा में शामिल सभी श्रेणीवार कटऑफ प्राप्तांक वेबसाइट पर शीघ्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

# कुंभ में यात्री भार को देखते हुए इलाहाबाद-जयपुर-इलाहाबाद एक्सप्रेस का पुनः संचालन




रे.स.ब्यू./संवा.जयपुर। कोहरे के मौसम में हुई आंशिक रद्द इलाहाबाद-जयपुर-इलाहाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा को कुंभ मेले के दौरान यात्री भार को देखते हुए निम्नलिखित दिनांक को पुनः संचालित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अभय शर्मा के अनुसार:- गाड़ी संख्या १२४०३, इलाहाबाद -जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा को मथुरा-जयपुर स्टेशन के मध्य आशिक रद्द किया गया था, अब यह रेलसेवा इलाहाबाद से दिनांक १३.०१.१६, १४.०१.१६, १५.०१.१६, १६.०१.१६, १६.०१.१६, २०.०१.१६, २१.०१.१६, २२.०१.१६, ०२.०२.१६, ०३.०२.१६, ०४.०२.१६, ०५.०२.१६, ०८.०२.१६, ०६.०२.१६, १०.०२.१६, ११.०२.१६ (१६ ट्रिप) निर्धारित मार्ग व समयानुसार संचालित होगी।

गाड़ी संख्या १२४०४, जयपुर- इलाहाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा को जयपुर-मथुरा स्टेशन के मध्य आंशिक रद्द किया गया था, अब यह रेलसेवा जयपुर से दिनांक १४.०१.१६, १५.०१.१६, १६.०१.१६, १७.०१.१६, २०.०१.१६, २१.०१.१६, २२.०१.१६, २३.०१.१६ ०३.०२.१६, ०४.०२.१६, ०५.०२.१६, ०६.०२.१६, ०६.०२.१६, १०.०२.१६, ११.०२.१६, १२.०२.१६ (१६ ट्रिप) निर्धारित मार्ग व समयानुसार संचालित होगी।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

# राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ही अंतिम होगा- पासवान



रे.स.ब्यू./सू.नई दिल्ली। लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और भाजपा के सहयोगी व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने बृहस्पतिवार दिनांक ०३.०१.२०१६ को संवाददाताओं से कहा कि ''राम मंदिर के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जो भी निर्णय दे वह सभी को स्वीकार्य होना चाहिए, चाहे वे हिंदू हों, मुस्लिम हों या अन्य समुदाय के लोग हों। हमारा रूख एक समान रहा है। प्रधानमंत्री ने जब कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का इंतजार करेंगे तो सभी यह बात माननी चाहिए।

एक सवाल के जवाब में जब उनसे पूछा गया कि क्या इस मुद्दे पर वह अध्यादेश का समर्थन करेंगे तो पासवान ने कहा कि उनका रूख एकसमान रहा है और वह इसका समर्थन नहीं करेंगे। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि इस मुद्दे पर सरकार को निर्णय नहीं करेगी जब तक कि न्यायिक प्रक्रिया खत्म नहीं हो जाती है। दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद् जैसे हिंदुवादी समूह अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए अध्यादेश लाने की मांग कर रहे हैं। लोजपा अध्यादेश का विरोध करने वाली भाजपा की दूसरी बड़ी सहयोगी है। इससे पहले हाल में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि विवादास्पद मुद्दे को या तो अदालत के फैसले के माध्यम से या फिर विभिन्न समूहों के बीच परस्पर सहमति से हल किया जाना चाहिए।

# 100 Feet tall National Flag Hoisted at Secunderabad Railway Station



RSB/Secunderabad Railway Station became the first railway station of South Central Railway to hoist a gigantic Tricolour on a 100 feet tall pole in the circulating area of its main entrance.

The flag is an attempt of Secunderabad Division to rekindle the spirit of nationalism and instill the sense of pride among rail passengers.The flag was hoisted by Ashoka Chary, Senior Cabinman, Gopal Reddy, Senior Technician/Works in presence of C.B.N. Prasad, Station Manager, Ashok Kumar, Superintendent of Police/GRP and members of the Public.

The Railway Board has directed that National Flags be hoisted at 'A1' category railway stations on the Indian Railways, acting upon which SCR has taken the initiative.

# किन्नर अखाड़े की यात्रा में दर्शन को उमड़ा सैलाब



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। मकर संक्रांति से प्रयागराज में प्रारंभ होने जा रहे विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के लिए दिनांक ०६.०१.२०१६ रविवार को प्रयागराज में पहली बार किन्नर अखाड़े की देवत्व यात्रा निकली। किन्नर साधु संतों का दर्शन करने के लिए लाखों की तादाद में लोग एकत्रित हुए।राम भवन चौराहे से निकली इस देवत्व यात्रा की खास बात यह रही कि इसमें किन्नर संत घोड़ों और बग्घियों पर सवार थे, जबकि बाकी अखाड़ों की यात्रा में ट्रैक्टर ट्रॉली पर रखे सोने-चांदी के हौदों पर साधु-संत विराजमान थे। किन्नर अखाड़े की इस देवत्व यात्रा में सबसे आगे आठ बग्घियों पर अखाड़े के संत विराजमान थे और इसके पीछे अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ऊंट पर सवार होकर लोगों को आशीर्वाद दे रही थीं। इनके पीछे एक वाहन में अखाड़े के आराध्य देवता महाकालेश्वर विराजमान थे। इस देवत्व यात्रा में २५ से अधिक बग्घियां थीं। वहीं दूसरी ओर घोड़े गीत-संगीत की धुन पर थिरकते हुए लोग भी देखे गये।

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य- सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"

महात्मा गांधी

# रेलवे ने तय किया कुंभ स्पेशल ट्रेनों का प्लेटफार्म

## यात्रियों की सुविधा को रूट वार कलर कोडिंग का किया गया है इस्तेमाल

रे.स.ब्यू./संवा। प्रयागराज। पिछले कुंभ में मची भगदड़ से नसीहत लेते हुए इस बार रेलवे ने तय किया है कि मेला अवधि में चलाई जाने वाली लगभग ५० फीसदी ट्रेनों का संचालन समय सारिणी के हिसाब से होगा। जिसके लिए उत्तर मध्य रेलवे ने ३२६ स्पेशल ट्रेनों की समय सारिणी जारी की है। यह ट्रेनें सतना, झांसी,कानपुर,पंडित दीन दयाल उपाध्याय रूट पर चलेंगी। साथ ही साथ रेलवे प्रशासन ने ये भी स्पस्ट किया है कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय और कानपुर रूट की ट्रेने केवल इलाहाबाद जंक्शन से ही चलेंगी, वहीं दूसरी ओर सतना, झांसी रूट की ट्रेने इलाहाबाद जंक्शन के साथ छिवकी और नैनी से भी चलेंगी। यात्रियों की बेहतर सुविधा को देखते हुए इस बार उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने रूट वार यात्री आश्रय स्थल और रंगो से कोडिंग भी कि है।

जिसमें आश्रय स्थल ०१ (रंग लाल) से झांसी-सतना की ओर जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म संख्या ०१ से संचालित किया जाएगा।

आश्रय स्थल ०२ (रंग नीला) से लखनऊ-वाराणसी की ओर जाने वाली ट्रेने प्लेटफार्म संख्या ०७ से १० तक से चलाई जाएंगी। आश्रय स्थल ०३ (रंग पीला) से मुगलसराय की ओर जाने वाली ट्रेने प्लेटफार्म संख्या ०४ और ०५ से संचालित कि जाएंगी, वहीं आश्रय स्थल ०४ (रंग हरा) से कानपुर, दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेने प्लेटफार्म संख्या ०२ और ०३ से चलाई जाएंगी। मेला अवधि के दौरान जनरल टिकट वाले रेल यात्रियों को आश्रय स्थल के माध्यम से ही प्रवेश दिया जाएगा, और आरक्षित टिकट वाले यात्रियों को इलाहाबाद जंक्शन के मुख्य द्वार से प्रवेश दिया जाएगा।

# चेयरमैन, रेलवे बोर्ड द्वारा सभी जोनों में चल रही परियोजनाओं की समीक्षा बैठक




रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। वी.के. यादव, चेयरमैन, रेलवे बोर्ड के द्वारा दिनांक ०६ जनवरी, २०१६ को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहित समस्त जोनल रेलवे के महा-प्रबंधको के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में अन्य जोन में चल रही निर्माण कार्यो की समीक्षा के साथ ही विशेष रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आधारभूत संरचना के विकास के लिए किये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गयी। इस बैठक में रेलवे बोर्ड के सदस्य भी उपस्थित थे। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के मध्यम से वी.के. यादव, चेयरमैन, रेलवे बोर्ड ने महाप्रबंधकों के साथ निर्माण कार्यो से संबंधित परियोजनाओं जैसे नई लाइन, दोहरीकरण, तिहरीकरण, विद्युतीकरण आदि पर विस्तृति चर्चा की। वहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्रधिकार में अनेक परियोजनाओं पर कार्य तेजी से किया जा रहा है।

# १००वां विद्युत इंजन राष्ट्र को समर्पित

रे.स.ब्यू./सूत्र.वाराणसी। डीजल रेल इंजन कारखाना द्वारा निर्मित किया गया सौवें विद्युत रेल इंजन डब्ल्यूएपी-७ शतक को राष्ट्र को समर्पित किया गया।

समारोह में रेलवे बोर्ड के सदस्य घनश्याम सिंह, महाप्रबंधक रश्मि गोयल और जनवरी माह में सेवानिवृत्त होने वाले सात कर्मचारियों ने सौवें विद्युत इंजन को हरी झंडी दिखाई।

इस दौरान महाप्रबंधक ने विद्युत रेल इंजन डब्ल्यूएपी-७ के ड्राइवर कैब का निरीक्षण कर उसकी खूबियों के बारे में जाना और कहा कि आगामी दिनों में डीरेका ५५ से ६० रेल इंजन प्रतिमाह उत्पादन करने में सक्षम होगा।

बतादें कि डीजल रेल इंजन कारखाना वाराणसी ने हरित ऊर्जा को आगे बढ़ाते हुए विद्युत रेल इंजन डब्ल्यूएपी-७ के उत्पादन का शतक पूरा किया है।

# Kumbh Special Train between Allahabad and Anand Vihar Terminal

**RSB/Prayagraj: For the convenience of rail passengers and to clear extra rush of passengers during Kumbh Mela 2019, Railways shall run Superfast Special Train between Allahabad and Anand Vihar Terminal as per the following programme.**

**04117/04118 Allahabad-Anand Vihar Terminal- Super fast Kumbh Special Train (24 trips).**

**The 04117 Allahabad -Anand Vihar Terminal Superfast Kumbh Special Train will depart from Allahabad at 08.30 p.m. on 15.01.19, 16.01.19, 21.01.19, 22.01.19, 04.02.19, 05.02.19, 10.02.19, 11.02.19, 19.02.19, 20.02.19, 04.03.19 & 05.03.19 to reach Anand Vihar Terminal at 06.00 a.m. the next day (12 trips).**

**In the return direction, the 04118 Anand Vihar Terminal - Allahabad Superfast Kumbh Special Train will depart from Anand Vihar Terminal at 07.50 a.m. on 16.01.19, 17.01.19, 22.01.19, 23.01.19, 05.02.19, 06.02.19, 11.02.19, 12.02.19, 20.02.19, 21.02.19, 05.03.19 & 06.03.19 to reach Allahabad at 05.20 p.m. the same day (12 trips).**

**Comprising of two AC two tier, nine AC three tier, four sleeper class, four general class & two disabled friendly second class cum luggage van coaches, the 04117/04118 Allahabad-Anand Vihar Terminal-Allahabad Superfast Kumbh Special Train will stop at Fatehpur, Kanpur Central & Aligarh Jn. stations enroute in both the directions.**

**ट्रेन की छ्त, पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें, जिससे जान व माल की हानि हो।**

## गणतंत्र दिवस पर विशेष

२६ जनवरी यानि "गणतंत्र दिवस" भारत वासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन हैं। इतिहास में आज के दिन भारत में क्या हुआ था, यह सबको पता हैं। २६ जनवरी के दिन परेड में विभिन्न राज्यों की प्रदर्शनी होती हैं, प्रदर्शनी में हर राज्य के लोगों की विशेषता, उनके लोक गीत व कला का चित्र प्रस्तुत किया जाता है। हर प्रदर्शनी भारत की विविधता व सांस्कृतिक समृद्धि प्रदर्शित करती है। परेड और जुलूस राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित होता है और देश के हर कोने में करोड़ों दर्शकों के द्वारा देखा जाता है। आज के इतिहास भी जानना हमारे लिए उतना ही महत्वपूर्ण हैं इसलिए आज के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी हम आपके लिए लाये है। तो आईये जानते हैं आज का इतिहास। वर्ष १६२६ के दिसंबर महीने में लाहौर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। इसकी अध्यक्षता पंडित जवाहरलाल नेहरू कर रहे थे। इस अधिवेशन में प्रस्ताव पास हुआ कि अगर अंग्रेजी हुकूमत २६ जनवरी १६३० तक भारत को डोमिनियन का पद नहीं देता है तो भारत खुद को पूरी तरह से स्वतंत्र घोषित कर देगा। इसके बावजूद २६ जनवरी १६३० तक जब अंग्रेज सरकार ने कुछ नहीं दिया तब कांग्रेस ने उस दिन भारत की पूर्ण स्वतंत्रता के निश्चय की घोषणा की और अपना सक्रिय आंदोलन शुरू किया। इस दिन जवाहर लाल नेहरु ने लाहौर में रवि नदी के किनारे तिरंगा फहराया। इसके बाद भारत ने २६ जनवरी १६३० को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया। उस दिन से १६४७ में देश के आजाद होने तक २६ जनवरी स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा।

इसके बाद देश आजाद हुआ और १५ अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के रूप में स्वीकार किया गया। हमारा संविधान २६ नवंबर १६४६ तक तैयार हो गया था। तब जो नेता थे उन्होंने दो महीने और रुकने का निर्णय लिया। और फिर २६ जनवरी १६५० को संविधान लागू हुआ और इस दिन को तब से गणतंत्र दिवस के रुप में मनाया जाता है।




रेल प्रशासन द्वारा मेला शुल्क नहीं लगाने का निर्णय लिया गया है।

**कुम्भ मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नवत् है।**

### गाड़ी, ठहराव एवं समय

| गाड़ी संख्या 08791 दुर्ग-इलाहाबाद छिवकी | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 08792 इलाहाबाद छिवकी-दुर्ग | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 2130 | दुर्ग | 1310 | ---- |
| 2205 | 2215 | रायपुर | 1205 | 1215 |
| 2318 | 2320 | भाटापार | 1056 | 1058 |
| 0030 | 0040 | उल्लासपुर | 1000 | 1010 |
| 0240 | 0242 | पेन्ड्रा रोड | 0655 | 0700 |
| 0315 | 0320 | अनुपपुर | 0600 | 0605 |
| 0400 | 0402 | शहडोल | 0515 | 0520 |
| 0502 | 0504 | उमरिया | 0403 | 0405 |
| 0640 | 0645 | कटनी | 0230 | 0235 |
| 0732 | 0734 | मैहर | 0110 | 0112 |
| 0810 | 0820 | सतना | 0030 | 0040 |
| 0848 | 0850 | जैतवार | 0002 | 0004 |
| 1033 | 1035 | मानिकपुर | 2310 | 2312 |
| 1300 | ---- | इलाहाबाद छिवकी | ---- | 1815 |

**दुर्ग से:** गाड़ी सं. **08791** दिनांक: **12.01.2019,19.01.2019, 26.01.2019,02.02.2019,16.02.2019,16.02.2019,23.02.2019**व **02.03.2019** शनिवार कुल सात फेरे **इलाहाबाद छिवकी से:** गाड़ी सं. **08792** दिनांक: **13.01.2019,20.01.2019, 27.01.2019, 03.02.2019,17.02.2019,24.02.2019** व **03.03.2019**रविवार कुल सात फेरे **गाड़ी संरचना-** इस गाड़ी मे स्लीपर के 16 डिब्बे व एसएलआर/डी के **02** डिब्बे होगे

### गाड़ी, ठहराव एवं समय

| गाड़ी संख्या 01087 लोकमान्य तिलक ट.-झूंसी | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 01088 झूंसी-लोकमान्य तिलक ट. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 0045 | लोकमान्य तिलक टर्मि. | 0820 | ---- |
| 0130 | 0133 | कल्याण | 0725 | 0728 |
| 0320 | 0325 | इगतपुरी | 0535 | 0540 |
| 0417 | 0420 | नासिक | 0437 | 0440 |
| 0730 | 0740 | भुसावल | 0115 | 0120 |
| 1320 | 1330 | इटारसी | 2050 | 2100 |
| 1715 | 1725 | जबलपुर | 1640 | 1650 |
| 1840 | 1845 | कटनी | 1350 | 1355 |
| 2035 | 2045 | सतना | 1230 | 1240 |
| 2245 | 2247 | मानिकपुर | 1108 | 1110 |
| 0100 | 0125 | इलाहाबाद | 0950 | 1015 |
| 0230 | ---- | झूंसी | ---- | 0915 |

**लोकमान्य तिलक टर्मि. से:** गाड़ी सं. **01087** दिनांक: **16.01.2019** से **30.01.2019** प्रति बुधवार **झूंसी से:** गाड़ी सं. **01088** दिनांक: **17.01.2019** से **31.01.2019** प्रति गुरूवार

**गाड़ी संरचना-** इस गाड़ी मे सामान्य श्रेणी के **02** डिब्ब एवं स्लीपर के 14 डिब्बे होंगे।

### गाड़ी, ठहराव एवं समय

| गाड़ी संख्या 01455 पुणे-झूंसी | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 01456 झूंसी-पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 2020 | पुणे | 1145 | ---- |
| 2130 | 2155 | दौंड़ | 1000 | 1015 |
| 2310 | 2315 | अहमदनगर | 0745 | 0750 |
| 0015 | 0017 | बेलापुर | 0700 | 0702 |
| 0100 | 0102 | कोपरगाँव | 0638 | 0640 |
| 0250 | 0255 | मनमाड | 0440 | 0445 |
| 0525 | 0535 | भुसावल | 0105 | 0110 |
| 0730 | 0735 | खंडवा | 2330 | 2335 |
| 1030 | 1040 | इटारसी | 1945 | 1955 |
| 1405 | 1415 | जबलपुर | 1600 | 1605 |
| 1530 | 1535 | कटनी | 1430 | 1435 |
| 1750 | 1800 | सतना | 1325 | 1335 |
| 1945 | 1947 | मानिकपुर | 1220 | 1222 |
| 2300 | 2325 | इलाहाबाद | 0950 | 1015 |
| 0030 | ---- | झूंसी | ---- | 0915 |

**पुणे से:** गाड़ी सं. **01455** दिनांक: **04.03.2019** सोमवार **झूंसी से:** गाड़ी सं. **01456** दिनांक: **06.03.2019** बुधवार

**गाड़ी संरचना-** इस गाड़ी मे सामान्य श्रेणी के **04** डिब्बे, स्लीपर के **06** डिब्बे, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के **01** डिब्बा व वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के **05** डिब्बे होंगे।

### गाड़ी, ठहराव एवं समय

| गाड़ी संख्या 01115 लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 01116 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक ट. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 0045 | लोकमान्य तिलक टर्मि. | 0035 | ---- |
| 0130 | 0133 | कल्याण | 2252 | 2255 |
| 0320 | 0325 | इगतपुरी | 2105 | 2110 |
| 0417 | 0420 | नासिक | 1900 | 1903 |
| 0730 | 0740 | भुसावल | 1350 | 1355 |
| 1320 | 1330 | इटारसी | 0855 | 0900 |
| 1745 | 1755 | जबलपुर | 0500 | 0510 |
| 1910 | 1915 | कटनी | 0328 | 0330 |
| 2035 | 2045 | सतना | 0210 | 0220 |
| 2350 | 2352 | मानिकपुर | 0100 | 0102 |
| 0140 | 0145 | इलाहाबाद छिवकी | 2315 | 2320 |
| 0500 | 0530 | वाराणसी | 1905 | 1935 |
| 0830 | 0832 | मऊ | 1648 | 1650 |
| 1008 | 1010 | भटनी | 1520 | 1522 |
| 1028 | 1030 | देवरिया सदर | 1458 | 1500 |
| 1135 | ---- | गोरखपुर | ---- | 1400 |

**लोकमान्य तिलक टर्मि. से:** गाड़ी सं. **01115** दिनांक: **12.01.2019** से **26.01.2019** प्रति शनिवार **गोरखपुर से:** गाड़ी सं. **01116** दिनांक: **13.01.2019** से **27.01.2019** प्रति रविवार

**गाड़ी संरचना-** इस गाड़ी मे सामान्य श्रेणी के **02** डिब्बे व स्लीपर के 16 डिब्बे होंगे।

### गाड़ी, ठहराव एवं समय

| गाड़ी संख्या 01209 नागपुर-इलाहाबाद | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 01210 इलाहाबाद-नागपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 1950 | नागपुर | 0710 | ---- |
| 2058 | 2100 | नरखेर | 0533 | 0535 |
| 2118 | 2120 | पांडूरना | 0518 | 0520 |
| 2238 | 2240 | आमला | 0423 | 0425 |
| 2255 | 2257 | बैतूल | 0358 | 0400 |
| 0135 | 0200 | इटारसी | 0210 | 0220 |
| 0258 | 0300 | पिपरिया | 0038 | 0040 |
| 0330 | 0332 | गाडरवार | 0010 | 0012 |
| 0348 | 0350 | नरसिंहपुर | 2338 | 2340 |
| 0515 | 0525 | जबलपुर | 2215 | 2225 |
| 0556 | 0558 | सिहोरा रोड | 2148 | 2150 |
| 0635 | 0640 | कटनी | 2105 | 2110 |
| 0735 | 0737 | मैहर | 2003 | 2005 |
| 0810 | 0820 | सतना | 1930 | 1940 |
| 0845 | 0847 | जैतवार | 1852 | 1854 |
| 1015 | 1020 | मानिकपुर | 1725 | 1730 |
| 1300 | ---- | इलाहाबाद | ---- | 1500 |

**नागपुर से:** गाड़ी सं. **01209** दिनांक: **21.01.2019 , 11.02.2019** व **04.03.2019** सोमवार कुल **03** फेरा **इलाहाबाद से:** गाड़ी सं. **01210** दिनांक: **22.01.2019, 12.02.2019** व **05.03.2019** मंगलवार कुल **03** फेरा

**गाड़ी संरचना-** इस गाड़ी मे सामान्य श्रेणी के **02** डिब्बे, स्लीपर के **11** डिब्बे, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के **01** डिब्बे व वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के **02** डिब्बे होंगे।

### गाड़ी, ठहराव एवं समय

| गाड़ी संख्या 09351 इंदौर-इलाहाबाद | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 09352 इलाहाबाद-इंदौर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 2355 | इंदौर | 0250 | ---- |
| 0100 | 0105 | देवास | 0150 | 0155 |
| 0150 | 0220 | उज्जैन | 0030 | 0100 |
| 0320 | 0330 | मक्सी | 2335 | 2340 |
| 0425 | 0435 | शुजलपुर | 2250 | 2255 |
| 0708 | 0710 | संत ह्दयाराम नगर | 2138 | 2140 |
| 0742 | 0744 | विदिशा | 2035 | 2037 |
| 0800 | 0805 | गुलाबगंज | 2017 | 2019 |
| 0820 | 0822 | गंज बासोदा | 2000 | 2002 |
| 0905 | 0910 | बीना | 1905 | 1910 |
| 1050 | 1100 | झांसी | 1620 | 1630 |
| 1445 | 1500 | कानपुर | 1200 | 1205 |
| 1815 | ---- | इलाहाबाद | ---- | 0800 |

**इंदौर से:** गाड़ी सं. **09351** शुक्रवार दिनांक: **18.01.2019** कुल **01** फेरा **इलाहाबाद से:** गाड़ी सं. **09352** रविवार दिनांक: **20.01.2019** कुल **01** फेरा

**गाड़ी संरचना-** इस गाड़ी मे सामान्य श्रेणी के **04** डिब्बे, स्लीपर के **07** डिब्बे, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के **01** डिब्बे, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के **02** डिब्बे, व एसएलआर/डी के **02** डिब्बे होंगे।

**रेलवे टिकट सदैव रेलवे टिकट काउन्टर,ऐप/वेबसाइट या अधिकृत रेल ट्रेवल एजेंट से ही खरीदें।**

चलो कुम्भ चलो

उत्तर मध्य रेलवे

North Central Railways @CPRONCR 34/19(I)

# कुंभ मेला के दौरान जंक्शन पर सिविल लाइन्स साइड से रहेगा प्रवेश बंद

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। कुंभ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद जं. पर कुछ गेटों को बंद कर दिया गया है और यात्रियों को निर्धारित गेट से ही स्टेशन के अन्दर प्रवेश की अनुमति होगी। सभी प्रमुख स्नान पर्वो पर एवं पर्व से एक दिन पूर्व तथा दो दिन बाद तक इलाहाबाद जं. पर प्रवेश केवल सिटी साइड से होगा तथा यात्रियों को सिविल लाइन्स साइड से केवल निकलने की अनुमति होगी।

आरक्षित यात्री : आरक्षित टिकट धारक यात्री स्टेशन के अन्दर केवल सिटी साइड के गेट संख्या ०५ से प्रवेश कर सकेंगे और गाड़ी के निर्धारित प्लेटफार्म पर जाकर अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे। आरक्षित टिकट धारकों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से १ -२ घंटे पूर्व स्टेशन पर पहुँचना सुनिश्चित करें जिससे किसी तरह की कोई असुविधा न हो।

अनारक्षित यात्री : लम्बी दूरी की नियमित ट्रेनों के अनारक्षित यात्री इलाहाबाद जं. सिटी साइड में बनाये गए गेट संख्या १, २A, २B तथा ३ से प्रवेश कर सकेंगे जिसका विवरण इस प्रकार हैं :

नैनी, मानिकपुर, सतना, बाँदा, झाँसी ग्वालियर एवं मुंबई की ओर जाने वाले यात्री लाल रंग के बनाये गए गेट संख्या १ से आश्रय संख्या ०१ (लाल रंग) में प्रवेश करें और निर्धारित प्लेटफार्म से अपनी यात्रा प्रारंभ करें।

प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, वाराणसी एवं लखनऊ की ओर जाने वाले यात्री नीले रंग के बनाये गए गेट संख्या २A से आश्रय संख्या ०२ (नीला रंग) में प्रवेश करें और निर्धारित प्लेटफार्म से अपनी यात्रा प्रारंभ करें।

विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, पं दीन दयाल उपाध्याय जं (मुग़ल सराय जं.), पटना एवं गया की ओर जाने वाले यात्री पीले रंग के बनाये गए गेट संख्या २B से आश्रय संख्या ०३ (पीला रंग) में प्रवेश करें और निर्धारित प्लेटफार्म से अपनी यात्रा प्रारंभ करें।

सूबेदारगंज, भरवारी, सिराथू,खागा,फतेहपुर, कानपुर एवं दिल्ली की ओर जाने वाले यात्री हरा रंग के बनाये गए गेट संख्या ३ से आश्रय संख्या ०४ (हरा रंग) में प्रवेश करें और निर्धारित प्लेटफार्म से अपनी यात्रा प्रारंभ करें।

कुंभ मेला २०१६ के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर आवश्यकतानुसार नियमित मेल / एक्सप्रेस गाड़ियों का अतिरिक्त ठहराव सुबेदारगंज एवं अन्य स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा जिसकी सूचना यात्रियों को समाचार पत्रों के माध्यम से समय - समय पर प्रदान की जायेंगी।

इलाहाबाद जं. पर ट्रैफिक का दबाव होने के कारण यात्रियों को सूबेदारगंज स्टेशन से ट्रेन पकड़ना आसान एवं सुरक्षित होगा, यात्रीगण प्रदान किये गए ठहराव का लाभ उठाएं।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की १५० वीं जयंती वर्ष के मौके पर ५१ रेलवे स्टेशनों पर बनेगा डिजिटल म्यूजियम

रे.स.ब्यू./सू.राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की १५० वीं जयंती वर्ष के मौके पर रेलवे ने इलाहाबाद जंक्शन समेत देश के ५१ रेलवे स्टेशनों पर डिजिटल म्यूजियम बनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत रेलवे स्टेशनों पर एलईडी स्क्रीन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से जुड़ीं दुर्लभ तस्वीरें एवं शार्ट फिल्में दिखाई जाएंगी। इन ५१ स्टेशनों में प्रयागराज शहर के भी चार स्टेशन शामिल किए गए हैं। इसमें जंक्शन के साथ प्रयाग, सूबेदारगंज एवं इलाहाबाद छिवकी रेलवे स्टेशन शामिल है।





शुभकामनाओं सहित

**श्री मंजूर खान**

ठेकेदार/रेलवे

**सेनीटेशन कार्य एवं जनरल आर्डर सप्लायर्स एवं कन्सट्रकशन कार्य**

निवास : 160, हिम्मतगंज, इलाहाबाद

Mobile No. 9336874561


## मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का प्रयाग स्टेशन पर ठहराव

कुम्भ मेला 2019 के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत व यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा प्रयाग रेलवे स्टेशन पर मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को 02 मिनट का अस्थायी ठहराव दिनांक 13.01.2019 से 05.03.2019 तक दिया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

### मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

| क्र सं | गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | कहॉ से-कहॉ तक | प्रयाग स्टेशन से प्रस्थान का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11053 | लोकमान्य तिलक टर्मि.-आज़मगढ़ एक्सप्रेस | लोकमान्य तिलक टर्मि.-आज़मगढ़ | 19.09 |
| 2 | 11054 | आज़मगढ़-लोकमान्य तिलक टर्मि. एक्सप्रेस | आज़मगढ़-लोकमान्य तिलक टर्मि.- | 11.49 |
| 3 | 11055 | गोदान एक्सप्रेस | लोकमान्य तिलक टर्मि.-गोरखपुर | 10.32 |
| 4 | 11056 | गोदान एक्सप्रेस | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मि. | 16.22 |
| 5 | 11059 | गोदान एक्सप्रेस | लोकमान्य तिलक टर्मि.-छपरा | 10.32 |
| 6 | 11060 | गोदान एक्सप्रेस | छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मि. | 16.22 |
| 7 | 11071 | कामायनी एक्सप्रेस | लोकमान्य तिलक टर्मि.-वाराणसी जं.. | 16.17 |
| 8 | 11072 | कामायनी एक्सप्रेस | वाराणसी जं.-लोकमान्य तिलक टर्मि. | 19.06 |
| 9 | 12165 | लोकमान्य तिलक टर्मि.- वाराणसी जं.एक्सप्रेस | लोकमान्य तिलक टर्मि.-वाराणसी जं. | 04.27 |
| 10 | 12166 | वाराणसी जं.-लोकमान्य तिलक टर्मि. एक्सप्रेस | वाराणसी जं.-लोकमान्य तिलक टर्मि. | 22.47 |
| 11 | 12381 | पूर्वा एक्सप्रेस | हावड़ा-नई दिल्ली | 21.18 |
| 12 | 12382 | पूर्वा एक्सप्रेस | नई दिल्ली- हावड़ा | 02.47 |
| 13 | 12539 | यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस | यशवतंपुर-लखनऊ | 02.52 |
| 14 | 12540 | लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस | लखनऊ-यशवंतपुर | 00.50 |
| 15 | 12669 | गंगा कावेरी एक्सप्रेस | चेन्नई सेंट्रल-छपरा | 04.27 |
| 16 | 12670 | गंगा कावेरी एक्सप्रेस | छपरा-चेन्नई सेंट्रल | 03.52 |
| 17 | 14117 | इलाहाबाद-बस्ती एक्सप्रेस | इलाहाबाद-बस्ती | 04.42 |
| 18 | 14118 | बस्ती-इलाहाबाद एक्सप्रेस | बस्ती-इलाहाबाद | 20.16 |
| 19 | 16793 | रामेश्वरम-फैज़ाबाद एक्सप्रेस | रामेश्वरम-फैज़ाबाद | 01.37 |
| 20 | 16794 | फैज़ाबाद-रामेश्वरम एक्सप्रेस | फैज़ाबाद-रामेश्वरम | 06.18 |
| 21 | 18205 | दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस | दुर्ग-नवतनवा | 11.07 |
| 22 | 18206 | नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस | नवतनवा-दुर्ग | 19.45 |
| 23 | 19041 | बांद्रा टर्मि.-गाज़ीपुर सिटी एक्सप्रेस | बांद्रा टर्मि.-गाज़ीपुर सिटी | 05.53 |
| 24 | 19042 | गाज़ीपुर सिटी-बांद्रा टर्मि. एक्सप्रेस | गाज़ीपुर सिटी-बांद्रा टर्मि. | 00.34 |
| 25 | 22103 | लोकमान्य तिलक टर्मि.-फैज़ाबाद एक्सप्रेस | लोकमान्य तिलक टर्मि.-फैज़ाबाद | 12.17 |
| 26 | 22104 | फैज़ाबाद-लोकमान्य तिलक टर्मि. एक्सप्रेस | फैज़ाबाद-लोकमान्य तिलक टर्मि. | 06.18 |
| 27 | 22433 | गाज़ीपुर सिटी-आनन्द विहार टर्मि. एक्सप्रेस | गाज़ीपुर सिटी-आनन्द विहार टर्मि. | 21.18 |
| 28 | 22434 | आनन्द विहार टर्मि.-गाज़ीपुर सिटी एक्सप्रेस | आनन्द विहार टर्मि.-गाज़ीपुर सिटी | 04.57 |
| 29 | 22683 | यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस | यशवंतपुर-लखनऊ | 13.22 |
| 30 | 22684 | लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस | लखनऊ-यशवंतपुर | 00.08 |
| 31 | 22969 | ओखा-वाराणसी जं. एक्सप्रेस | ओखा-वाराणसी जं. | 00.03 |
| 32 | 22970 | वाराणसी जं.-ओखा एक्सप्रेस | वाराणसी जं.-ओखा | 00.34 |
| 33 | 11067/ 21067 | साकेत एक्सप्रेस | लोकमान्य तिलक टर्मि.- फैज़ाबाद/रायबरेली | 04.27 |
| 34 | 11068/ 21068 | साकेत एक्सप्रेस | फैज़ाबाद/रायबरेली- लोकमान्य तिलक टर्मि. | 20.16 |

रेलवे टिकट सदैव रेलवे टिकट काउन्टर,ऐप/वेबसाइट या अधिकृत रेल ट्रेवल एजेंट से ही खरीदें।

उत्तर मध्य रेलवे चलो कुम्भ चलो

North Central Railways @CPRONCR 39/19(I)

# सीतापुर-एशबाग आमान परिवर्तित रेल खंड का उद्घाट्न

### क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को मिलेगी गति- मनोज सिन्हा



रे.स.ब्यू./संवा. लखनऊ। रेल राज्य मंत्री एवं संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार मनोज सिन्हा ने ०६ जनवरी २०१६ को खैराबाद (अवध) रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में सीतापुर जं०-ऐशबाग आमान परिवर्तित रेल खण्ड का उद्घाटन एवं इस खण्ड पर बड़ी लाइन की गाड़ियों के संचलन का शुभारम्भ किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए रेलराज्य मंत्री एवं संचार राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने कहा कि २६० कि०मी० लम्बे ऐशबाग- पीलीभीत खण्ड के आमान परिवर्तन कार्य को वर्ष २०११-१२ में स्वीकृति प्रदान की गई थी। परियोजना के प्रथम चरण में लगभग रू० ३७४ करोड़ की लागत से आमान परिवर्तित ८८.२५ किमी. लम्बी यह रेल लाइन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सीतापुर को जोड़ रही है। इस खण्ड पर बड़ी लाइन का निर्माण हो जाने से सीतापुर देश के विभिन्न महानगरों से सीधी रेल सेवा के माध्यम से जुड़ गया हैं, जिससे इस क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को गति मिलेगी। सीतापुर जं०- ऐशबाग रेल खण्ड का निर्माण रेल मंत्रालय के उपक्रम रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया गया है। रेलराज्य मंत्री एवं संचार राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने इस खण्ड पर सवारी गाड़ियों के नियमित संचालन हेतु उपस्थित जन समूह को बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक राम भार्गव, महेन्द्र प्रताप सिह, सुरेश राही, विधायक योगेश वर्मा, पूर्व केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री रामलाल राही, पूर्व सांसद जनार्दन मिश्रा, पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष तथा रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

समारोह का संचालन मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी संजय यादव ने तथा मंडल रेल प्रबन्धक, लखनऊ श्रीमती विजय लक्ष्मी कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


**Heartline**

**Heartline Cardiac Care Centre**
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

**हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल**

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# प्रमुख स्नान पर्वों पर नहीं मिलेगा प्लेटफार्म टिकट

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। रेलवे ने कुंभ मेला के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर भीड़ को नियंत्रित करने तथा बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने हेतु इलाहाबाद, नैनी तथा इलाहाबाद छिवकी स्टेशन पर प्लेटफार्म टिकट वितरण नहीं करेगा जो इस प्रकार है :-

१. **मकर संक्रांति** (१५ जनवरी २०१६) दिनांक १४.०१.१६ से १७.०१.१६ तक। २. **पौष पूर्णिमा** (२१ जनवरी २०१६) दिनांक २०.०१.१६ से २३.०१.१६ तक। ३. **मौनी अमावस्या** (०४ फरवरी २०१६) दिनांक ०३.०२.१६ से ०७.०२.१६ तक। ४. **बसंत पंचमी** (१० फरवरी २०१६) दिनांक ०६.०२.१६ से १३.०२.१६ तक। ५. माघी पूर्णिमा (१६ फरवरी २०१६) दिनांक १८.०२.१६ से २२.०२.१६ तक। ६.**महाशिवरात्रि** (०४ मार्च २०१६) दिनांक ०३.०३.१६ से ०६.०३.१६ तक।

# प्रयागराज, हमसफर एक्सप्रेस समेत सुबेदारगंज में १४ ट्रेनों का होगा ठहराव

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज कुंभ मेले के प्रमुख स्नान पर्व के दौरान सुबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे ने प्रयागराज, हमसफर, दिल्ली दुरंतो समेत ३४ ट्रेनों का ठहराव तय किया है। स्नान पर्व के एक दिन पहले एवं एक दिन बाद भी यहां ट्रेनों का ठहराव रहेगा। वहीं उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने १३ जनवरी से ५ मार्च के मध्य प्रयाग स्टेशन होकर गुजरने वाली ट्रेनों का अतरिक्त ठहराव २ मिनट के लिए सुनिश्चित किया है। वहीं इलाहाबाद जंक्शन के सिविल लाइन्स साइड से प्रवेश बंद कर दिये जाने के निर्णय से रेलवे ने सुबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया है।

### पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७६३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


**आप सभी पाठकों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा।**




**सभी जेड.आर.यू.सी.सी/डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

**प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव**
मो६७६३६५६०४४

संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

***Railway Passengers Safety & Amenities Association***

***Aim of the Society is to serve the Railway Passengers***


Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran


*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*